नवभारत
www.navbharatlive.com

साइबर सुरक्षा के प्रति किया गया जागरूक

■ आलंदी, (सं.) एमआईटी आर्ट्स, कॉमर्स एंड साइंस कॉलेज, आलंदी (डी) ने 'अर्न एंड लर्न' योजना के तहत क्विक हील फाउंडेशन के सहयोग से नागरिकों के बीच साइबर सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक सामूहिक अभियान चलाया. यह कार्यक्रम तनिष ऑर्किड सोसाइटी के फेज 1 और फेज 2 में आयोजित किया गया. इस अभियान में नादब्रह्म सांस्कृतिक समूह के सदस्यों ने एक प्रभावी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया. बैंक खाते की जानकारी न करें साझा नाटक के माध्यम से 'साइबर अपराधों से बचें-रोकथाम ही सबसे अच्छा उपाय है' का संदेश प्रभावशाली ढंग से दिया गया. नाटक में संदिग्ध लिंक न खोलने, अनजान लोगों के साथ ओटीपी या बैंक खाते की जानकारी साझा न करने, और फिशिंग कॉल व संदेशों से सावधान रहने पर जोर दिया गया. कार्यक्रम की शुरुआत में प्रोफेसर अमित ताले ने कॉलेज और अभियान के बारे में उपस्थित नागरिकों को जानकारी दी.

Pune plus Edition
Sep 4, 2025 Page No. 2
navbharatlive.com